# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग, हरदोई।

पत्रांक– /14–1 दिनॉक, हरदोई, 23-03- 2017।

सेवा में,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,
रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0,
क्षेत्रीय कार्यालय, रोहतास 'के'
ट्रीडेन्ट द्वितीय तल, 10 महाराणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

**विषयः–** **जनपद–हरदोई में हरदोई–लखनऊ (राजमार्ग संख्या–25) कि0मी0 161–224 व हरदोई–साण्डी मार्ग कि0मी0–0 से 22.50 तक कुल दूरी 85.50 कि0मी0 के मध्य रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा संरक्षित मार्ग पटरी पर 0.90 हे0 वन भूमि पर ओ0एफ0सी0 बिछाये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भः–** 1– इस कार्यालय पत्रॉक–2709/14–1, दिनॉक–13–02–2017।
2–इस कार्यालय पत्रॉक–4020/14–1, दिनॉक–16–03–2017।

महोदय,

इस कार्यालय द्वारा निर्गत उक्त विषयक सन्दर्भित पत्रो का सन्दर्भ ग्रहण करे, जो क्षेत्रीय वन अधिकारी, हरपालपुर, हरदोई, कछौना व सण्डीला को सम्बोधित एंव आप सहित अन्य को पृष्ठांकित है। सन्दर्भित पत्रो द्वारा आनलाइन प्रस्ताव 23622/2017 मे उल्लिखित ओ0एफ0सी0 बिछाये जाने हेतु प्रस्तावित स्थलो का संयुक्त निरीक्षण कर रिर्पोट इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। क्षेत्रीय वन अधिकारी, हरपालपुर व हरदोई के साथ दि0–17–03–2017 को की गयी संयुक्त निरीक्षण रिर्पोट इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, रेज कछौना व सण्डीला से सम्बन्धित रिर्पोट अभी भी इस कार्यालय को अप्राप्त है।

आनलाइन प्रस्ताव सं0 23622/2017 मे संलग्न अभिलेखो का अवलोकन किया गया, जिसमे निम्न कमियॉ पायी गयीः–

1– अनुमति हेतु निर्धारित प्रपत्र परिशिष्ठ फार्म (क) भाग–1 आफलाइन प्रस्ताव मे संलग्न नही है।

2–उ0प्र0 शासन, की पत्र सं0–3544/14–2–2008 वन अनुभाग–2 दिनॉक–23–08–2008 के अनुपालन मे वन प्रभाग आगरा को 20 कि0मी0 की दूरी वृक्षा0 रोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी धनराशि से सम्बन्धित पत्र, बैकड्राफ्ट व प्राक्कलन की प्रति अपठनीय है।

3– ओ0एफ0सी0 बिछाये जाने से प्रभावित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध न होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न नही है।

4– वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी, हरदोई द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न नही है।

5– प्रस्तावित ओ0एफ0सी0 लाइन जिस ग्रामो से होकर गुजर रही है, सम्बन्धित ग्राम सभॉओ द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है।

6– प्रस्ताव मे संलग्न वचनबद्वता प्रमाण पत्र मे प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम, पद नाम, कार्यालय का पता का उल्लेख नही है।

7– प्रस्ताव मे संलग्न ओ0एफ0सी0 से सम्बन्धित भारत सरकार द्वारा जारी लाइसेंस प्रमाण पत्र की प्रति अपठनीय है।

8– प्रस्तावित स्थल का भू–सन्दर्भित डिजिटल डाटा मानचित्र मे प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम, पद नाम, कार्यालय का पता का उल्लेख नही है।

9– सर्वे ऑफ इण्डिया के टोपो सीट स्केल 1.50000 पर प्रस्तावित स्थलो को दर्शाते हुए मानचित्र मे प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम, पद नाम, कार्यालय का पता का उल्लेख नही है।

अतः उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एंव इस आशय से प्रेषित कि उक्त कमियो का निराकरण कर साथ ही साथ क्षेत्रीय वन अधिकारी, कछौना व सण्डीला के साथ प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर रिर्पोट इस कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करे ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

प्रभागीय निदेशक,
सामा0 वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

**पत्रॉक–** 4099 / **उक्तदिनॉकित।**

**प्रतिलिपि**– उप प्रभागीय वनाधिकारी, सण्डीला को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**– क्षेत्रीय वन अधिकारी, कछौना व सण्डीला को सन्दर्भित पत्रो के कम मे सूचनार्थ एंव इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रस्तावक विभाग के अधिकृत प्रतिनिधि के साथ प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर रिर्पोट इस कार्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

प्रभागीय निदेशक,
सामा0 वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

O/C